अनुक्रमांक_______

सेट कोड-सी (C)

# व्यापार चिह्न एजेंट परीक्षा 2024
## (व्यापार चिह्न नियम, 2017 के नियम 144 के तहत)

**<u>प्रश्नपत्र--I</u>**

**पूर्णांक -100**

**समय: प्रातः 10 बजे से अपराहन 12 बजे तक (दो घंटे)**

**<u>अनुदेश:</u>**

1. इस प्रश्न पत्र में 50 प्रश्न हैं जो समान अंकों के हैं। एक प्रश्न 2 अंकों का है।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. अभ्यर्थी उत्तर देने से पहले प्रश्नों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें।
4. परीक्षा के दौरान किसी तकनीकी/ वैधानिक पहलू पर कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया जाएगा।
5. कोई निगेटिव मार्किंग नहीं है।
6. "अधिनियम" और "नियम" के सभी संदर्भों को क्रमशः व्यापार चिह्न अधिनयम, 1999 और व्यापार चिह्न नियम, 2017 अब तक यथा संशोधित के रूप में पढ़ा जाए।
7. कोई अभ्यर्थी परीक्षा कक्ष नहीं छोड़ सकता या उसे छोड़ने की अनुमति नहीं होगी (i) परीक्षा का आधा समय समाप्त होने से पहले; (ii) उपस्थिती पत्रक हस्ताक्षर किए बिना; और (iii) उनका ओएमआर पत्रक / उत्तर पुस्तिका उचित तरीके से पर्यवेक्षक को सौंपे बिना।
8. यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा के लिए निर्धारित समय पूरा होने से पहले परीक्षा कक्ष से जाना चाहता / चाहती है तो प्रश्नपत्र वापस देकर वह ऐसा कर सकता / सकती है।
9. प्रश्नपत्र का समय पूरा होने के बाद अभ्यर्थी परीक्षा पत्र अपने साथ ले जा सकता/ सकती है।

---

1. एक पंजीकृत व्यापार चिह्न का स्वामी अपने पंजीकृत व्यापार चिह्न में छोटे-मोटे बदलाव करना चाहता है, ताकि उसकी पहचान पर कोई खास असर न पड़े। वह:
   (a) फॉर्म टीएम-एम (TM-M) पर आवेदन दाखिल करें
   (b) फॉर्म टीएम-पी (TM-P)पर आवेदन दाखिल करें
   (c) फॉर्म टीएम-जी (TM-G) पर आवेदन दाखिल करें
   (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

2. विरोधी कार्यवाही में, आवेदक को एक प्रतिकथन दाखिल करना होता है:

(a) रजिस्ट्रार से विरोध की सूचना की प्रति आवेदक द्वारा प्राप्त होने के दो महीने के भीतर

(b) रजिस्ट्रार से विरोध की सूचना की प्रति आवेदक द्वारा प्राप्त होने की तारीख से तीन महीने के भीतर या निर्धारित तरीके से और निर्धारित शुल्क के भुगतान पर किए गए आवेदन पर ऐसी अतिरिक्त अवधि के भीतर जो कुल मिलाकर एक महीने से अधिक नहीं हो जिसकी रजिस्ट्रार अनुमति देता है

(c) रजिस्ट्रार से विरोध की सूचना की प्रति आवेदक द्वारा प्राप्त होने के चार महीने के भीतर

(d) रजिस्ट्रार द्वारा निर्दिष्ट समय के भीतर

3. सामान्य तौर पर, रजिस्ट्रार द्वारा पंजीकृत स्वामी को फॉर्म आरजी-3 (RG-3) पर एक नोटिस भेजा जाता है:

(a) व्यापार चिह्न के पंजीकरण की समाप्ति से तीन महीने के भीतर

(b) व्यापार चिह्न के पंजीकरण की समाप्ति से छह महीने के भीतर

(c) व्यापार चिह्न के पंजीकरण की समाप्ति से एक वर्ष के भीतर

(d) रजिस्ट्रार के विवेकानुसार

4. एक बार जब किसी चिह्न को अदालत के न्यायिक आदेश द्वारा सुविख्यात घोषित कर दिया जाता है, तो ऐसी घोषणा स्वचालित रूप से ऐसे चिह्नों को व्यापार चिह्न रजिस्ट्री द्वारा बनाई गई सुविख्यात व्यापार चिह्न की सूची में शामिल होने का अधिकार नहीं देती है। इस तरह की घोषणा के बाद भी, ऐसे चिह्नो के स्वामी को सुविख्यात व्यापार चिह्न की सूची में ऐसे चिह्नो को शामिल करने के लिए व्यापार चिह्न नियमों के नियम 124 के तहत आवश्यक निर्धारित शुल्क के साथ फॉर्म टीएम-एम (TM-M) में एक अनुरोध दाखिल करना होगा।

उपरोक्त कथन निम्नलिखित में से किस न्यायिक घोषणा द्वारा समर्थित है:

(क) टाटा सिया एयरलाइंस लिमिटेड बनाम भारत संघ

(ख) ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्रा. लिमिटेड बनाम फ़िट जी लिमिटेड और अन्य।

(ग) तोशिबा कार्पोरेशन के रूप में काबुशिकी कैशा तोशिबा ट्रेडिंग बनाम श्री एस.के.सिल एवं अन्य।

(घ) जनरल इलेक्ट्रिक कंपनी बनाम श्री जे. सिंह और अन्य।

5. जब आप तर्क देते हैं कि आपके ग्राहक के चिह्न ने सीमा पार प्रतिष्ठा हासिल की है, तो निम्नलिखित में से कौन सा मामला नज़ीर (केस लॉ) के तौर पर उद्धृत होगा

(a) टोयोटा प्रियस
(b) व्हर्लपूल
(c) ग्लूविटा-ग्लूकोविटा
(d) नंदिनी

6. नियम 30 के अनुसार यदि आवेदक उसे सूचित की गई किसी भी कमी को............. के भीतर दूर करने में विफल रहता है तो आवेदन को रद्द कर दिया जाएगा

(a) एक माह
(b) दो माह
(c) तीन माह
(d) छः माह

7. एमएम2 (MM2) के संबंध में वाइपो (WIPO) द्वारा जारी विसंगति पत्र को कहा जाता है

(a) इर्रेगुलेरिटी नोटिस (Irregularity notice)

(b) डेफ़िशियन्सी लेटर (Deficiency letter)

(c) फी नोटिस (Fee notice)

(d) लेटर ऑफ डिसक्रपेनसी (Letter of Discrepancy)

8. आईआरडीआई (IRDI) आवेदनों के संबंध में सही कथन का चयन करें

(a) आईआरडीआई आवेदन पर 18 महीने का नियम लागू नहीं है

(b) 18 महीने के भीतर, आईआरडीआई आवेदन को सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए

(c) 18 महीने के भीतर, डीसीपी (डेसिग्रेटिड कांट्रैक्टिंग पार्टी) को अपनी प्रथम कार्रवाई के बारे में बताना होगा।

(d) विरोध की सूचना 18 महीने के भीतर दी जानी चाहिए

9. पंजीकृत व्यापार चिह्न की सुरक्षा के लिए उपलब्ध उपाय हैं

(a) आपराधिक कार्यवाही
(b) नागरिक उपाय
(c) प्रशासनिक उपाय
(d) उपरोक्त सभी

10. व्यापार चिह्न के अतिलंघन के लिए कौन मुकदमा कर सकता है?

(a) अपंजीकृत व्यापार चिह्न स्वामी

(b) मालिक की ओर से राज्य सरकार

(c) केवल पंजीकृत व्यापार चिह्न स्वामी

(d) मालिक की ओर से केंद्र सरकार।

11. मैड्रिड आवेदन में वाइपो (WIPO) को देय शुल्क है

(a) अमेरिकन डॉलर
(b) स्विस फ्रेंक्स
(c) यूरो
(d) उपरोक्त सभी

12. भारत निम्नलिखित में से किस अंतर्राष्ट्रीय समझौते/प्रोटोकॉल/संधि का सदस्य नहीं है :

(a) नीस अग्रीमेंट कन्सर्निंग द इंटरनेशनल क्लासिफिकेशन ऑफ गुड्स एंड सर्विसिस फॉर द पर्पसिस ऑफ द रजिस्ट्रेशन ऑफ मार्क्स

(b) वियना अग्रीमेंट एस्टाब्लिशिंग एन इंटरनेशनल क्लासिफिकेशन ऑफ फिगरेटिव एलीमेंट्स ऑफ मार्क्स

(c) मेड्रिड अग्रीमेंट कन्सर्निंग द इंटरनेशनल रजिस्ट्रेशन ऑफ मार्क्स

(d) प्रोटोकॉल रिलेटिंग टू द मेड्रिड अग्रीमेंट कन्सर्निंग द इंटरनेशनल रजिस्ट्रेशन ऑफ मार्क्स

13. बहुवर्ग पंजीकृत आवेदन (जो वर्ग 05 एवं 10 में पंजीकृत है) का नवीनीकरण 15.02.2024 को होना है। पंजीकृत स्वत्वाधिकारी नियत तिथि से पहले नवीनीकरण आवेदन दाखिल करने के लिए आपसे संपर्क करता है। इसे ऑनलाइन दाखिल करने पर विचार करते हुए नवीनीकरण के समय देय निर्धारित शुल्क क्या होगा:

(a) रु. 18,000/-
(b) रु. 20,000/-
(c) रु. 9,000/-
(d) रु. 10,000/-

14. यदि समनुदेशन (असाइनमेंट) या ट्रांसमिशन की वैधता पर पार्टियों के बीच विवाद है, तो रजिस्ट्रार:

(a) समनुदेशन (असाइनमेंट) या ट्रांसमिशन को पंजीकृत करने के लंबित अनुरोध को अस्वीकार कर सकता है
(b) सक्षम न्यायालय द्वारा पार्टियों के अधिकारों का निर्धारण होने तक लंबित समनुदेशन (असाइनमेंट) या ट्रांसमिशन अनुरोध को अस्वीकार कर सकता है
(c) अदालती कार्यवाही के नतीजे के अधीन समनुदेशन (असाइनमेंट) या ट्रांसमिशन को पंजीकृत करने के अनुरोध की अनुमति दे सकता है
(d) लंबित अनुरोध को असाइनमेंट या ट्रांसमिशन को पंजीकृत करने की अनुमति दी जा सकती है क्योंकि रजिस्ट्रार के निर्णय की बाद में समीक्षा की जा सकती है

15. निम्नलिखित में से कौन वाइपो (WIPO) का बाहरी कार्यालय नहीं है:

(a) अल्जीयर्स, अल्जीरिया
(b) अबूजा, नाइजीरिया
(c) मॉस्को, रूस फेडरेशन
(d) भारत

16. एक आवेदक ने POPSI व्यापार चिह्न के पंजीकरण के लिए वर्ग 32 और 33 के संबंध में एक आवेदन दाखिल किया। व्यापार चिह्न जर्नल में चिह्न के विज्ञापन के बाद, विरोधी ने विरोध की सूचना दाखिल की, जिसमें संख्या 783501 के तहत 6,000/- रुपये की फीस के साथ दोनों वर्गों के पंजीकरण का विरोध किया गया। विरोध की सूचना संख्या 783501 की प्रति प्राप्त होने पर, आवेदक ने प्रतिकथन दाखिल करने का फैसला लिया। व्यक्तिगत रूप से प्रतिकथन दाखिल करते समय आवेदक को कितनी फीस का भुगतान करना होगा

(a) रु. 6,000/-
(b) रु. 5,400/-
(c) रु. 3,000/-
(d) रु. 2,000/-

17. वर्तमान में विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआईपीओ) के महानिदेशक का पद पर कौन है?

(a) डेरन टेंग
(b) फ्रान्सिस गरी
(c) कामिल इदरिस
(d) जॉर्ज बोडनहौसन

18. एक कंपनी ने अपने उत्पादों की पैकेजिंग के लिए व्यापार चिह्न आवेदन दाखिल करने के लिए आपसे संपर्क किया है, जिसमें एक प्रसिद्ध सिने स्टार की तस्वीर भी है। तस्वीर के संबंध में आप उन्हें क्या सलाह देंगे:

(a) मैं सीधे तस्वीर हटाने की सलाह दूंगा क्योंकि इससे आवेदन पंजीकरण योग्य नहीं रह जाएगा
(b) मैं सीधे आवेदन दाखिल करूंगा क्योंकि मुझे व्यापार चिह्न कानून के अनुसार कोई समस्या नहीं दिख रही है
(c) मैं उन्हें सिने स्टार से सहमति पत्र लाने की सलाह दूँगा
(d) मैं उन्हें तस्वीर के संबंध में एक अस्वीकरण (Disclaimer) लगाने की सलाह दूंगा

19. व्यापार चिह्न के संबंध में कौन सा कथन सही है?

(a) एक पंजीकृत व्यापार चिह्न गुडविल के साथ या उसके बिना सौंपा जा सकता है
(b) एक अपंजीकृत व्यापार चिह्न गुडविल के साथ या उसके बिना सौंपा जा सकता है
(c) एक व्यक्ति के पक्ष में पंजीकृत व्यापार चिह्न किसी अन्य व्यक्ति को नहीं सौंपा जा सकता है
(d) (a) और (b) दोनों सही हैं

20. "विरोधी कार्यवाही में, रजिस्ट्रार आपत्ति के आधार पर विचार कर सकता है, चाहे विरोधी ने उस पर भरोसा किया हो या नहीं।" उपरोक्त कथन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है:

(a) यह कथन सही है क्योंकि रजिस्ट्रार को कानून द्वारा रजिस्टर की शुद्धता के हित में इस तरह का आधार उठाने का अधिकार है
(b) कथन गलत है, रजिस्ट्रार विरोध के नोटिस में उठाए गए आधारों से बंधा है
(c) रजिस्ट्रार द्वारा विवेकाधीन शक्ति के इस तरह के प्रयोग से अवैधता को बढ़ावा मिलेगा
(d) उपरोक्त में से कोई भी कथन सत्य नहीं है

21. परिशोधन के लिए कौन आवेदन कर सकता है

(a) कोई भी पंजीकृत स्वत्वधारी
(b) कोई भी व्यक्ति
(c) कोई पूर्व स्वत्वधारी
(d) कोई पीड़ित व्यक्ति

22. व्यापार चिह्न अधिनियम की कौन सी धारा कन्वेंशन देशों के नागरिकों हेतु पंजीकरण के लिए आवेदन के विशेष प्रावधानों से संबंधित है?

(a) 154
(b) 151
(c) 148
(d) 131

23. व्यापार चिह्न रजिस्ट्रार के समक्ष अस्वीकार के सापेक्ष आधारों के प्रयोजनों के लिए, निम्नलिखित में से किसे 'पूर्व व्यापार चिह्न' नहीं माना जाता है:

(a) एक पंजीकृत व्यापार चिह्न

(b) धारा 18 के तहत एक आवेदन जिसमें पूर्व आवेदन दाखिल करने की तारीख अंकित हो

(c) धारा 36ङ में निर्दिष्ट एक अंतरराष्ट्रीय पंजीकरण या धारा 154 में निर्दिष्ट कन्वेंशन आवेदन जिसमें आवेदन की तारीख उक्त व्यापार चिह्न की तारीख से पहले है

(d) उपरोक्त सभी

24. व्यापार चिह्न नियम, 2017 के अनुसार, जहां किसी मामले को धारा 115 की उप-धारा (4) के प्रावधानों के तहत रजिस्ट्रार को उनकी राय के लिए भेजा गया है, ऐसी राय को एक सीलबंद कवर के तहत भेजा जाएगा:

(a) सात कार्य दिवस

(b) पंद्रह दिन

(c) एक माह

(d) रजिस्ट्रार की सुविधानुसार

25. किसी भी चिह्न को सुविख्यात व्यापार चिह्न घोषित करने की शक्ति किसके पास है:

(a) व्यापार चिह्न रजिस्ट्रार

(b) उच्च न्यायालय

(c) दोनों (a) और (b)

(d) जिला न्यायालय

26. 01 अगस्त, 2023 तक कितने देश मेड्रिड प्रोटोकॉल के सदस्य हैं?

(a) 130 देशों के 114 सदस्य

(b) 130 देशों के 113 सदस्य

(c) 120 देशों के 114 सदस्य

(d) 120 देशों के 113 सदस्य

27. इसकी सुरक्षा के लिए व्यापार चिह्न आवेदन दाखिल किया जा सकता है

(a) उत्पाद का आकार

(b) व्यापार पोशाक

(c) दोनों a और b

(d) केवल b, a नहीं

28. भारत नीस समझौते, वियना समझौते और लोकार्नो समझौतों का हस्ताक्षरी बना है। ये उल्लिखित समझौते भारत में ....... को लागू हुए

(a) 7 सितंबर, 2019

(b) 7 अगस्त, 2019

(c) 7 सितंबर, 2018

(d) 7अगस्त , 2018

29. कपड़ा वस्तुओं के पंजीकरण पर प्रतिबंध, धारा 80 (1) के तहत कपड़ा वस्तु पीस गुड्स के संबंध में, इनमें से कौन लागू नहीं है –

(a) केवल एक पंक्ति शीर्षक वाला कोई भी चिह्न व्यापार चिह्न के रूप में पंजीकरण योग्य नहीं होगा;

(b) एक पंक्ति शीर्षक को अंतर करने में सक्षम माना जाएगा;

(c) व्यापार चिह्न का पंजीकरण किसी पंक्ति शीर्षक के उपयोग का कोई विशेष अधिकार नहीं देगा।

(d) उपरोक्त सभी कथन सही हैं

30. भारत के लिए नामित वाइपो (WIPO) में प्रत्येक अंतर्राष्ट्रीय पंजीकरण के मामले में कौन सा कथन सत्य है?

(a) आईआरडीआई नंबर आवंटित किया गया है

(b) आवेदन जन्म अधिसूचना के रूप में प्राप्त होता है

(c) a और b दोनों सही हैं

(d) a और b दोनों गलत हैं

31. मेड्रिड आवेदन दाखिल करने के लिए अवश्य होना होगा

(a) भारतीय नागरिक या भारत का वासी

(b) भारत में एक वास्तविक और प्राभवी संस्थान हो

(c) कोई संस्थान / व्यक्ति जिनका भारत में सेवार्थ पता हो

(d) दोनों विकल्प (a) और (b)

32. स्वचालित वेंडिंग मशीन इस वर्ग में आती है

(a) वर्ग 7

(b) वर्ग 8

(c) वर्ग 9

(d) वर्ग 10

33. विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (वाइपो) की वर्तमान सदस्य क्षमता है :

(a) 109 सदस्य राष्ट्र

(b) 113 सदस्य राष्ट्र

(c) 167 सदस्य राष्ट्र

(d) 193 सदस्य राष्ट्र

34. एक कानूनी व्यवसायी या एक पंजीकृत ट्रेड मार्क एजेंट या प्रिंसिपल के एकमात्र और नियमित रोजगार वाला व्यक्ति आवेदक की ओर से निम्नलिखित में से किस दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर कर सकता है:

(a) आवेदक की ओर से सभी आवेदन या दस्तावेज़

(b) आवेदक की ओर से शपथ पत्र बनाने के अलावा सभी आवेदन या दस्तावेज

(c) आवेदक की ओर से सभी आवेदन जो निर्धारित प्रपत्र पर हैं और शपथ पत्र बनाने सहित निर्धारित शुल्क के साथ हैं

(d) केवल वे आवेदन जो निर्धारित प्रपत्र और शुल्क के साथ हैं

35. ट्रिप्स (TRIPS) का अर्थ है-

(a) ट्रेड रिलेटेड इंटेलेक्चुयल प्रॉपर्टी राइट्स

(b) ट्रेड रिलेटेड एसेट ऑफ इंटेलेक्चुयल प्रॉपर्टी राइट्स

(c) ट्रेड रिलेटेड आर्टिकल ऑफ इंटेलेक्चुयल प्रॉपर्टी राइट्स

(d) ट्रेड रिलेटेड आस्पेकेट्स ऑफ इंटेलेक्चुयल प्रॉपर्टी राइट्स

36. नियम 58(3) के अनुसार पंजीकृत स्वत्वधारी को ट्रेड मार्क को नवीनीकृत करने के लिए कितना समय मिलेगा, यदि नवीनीकरण अवधि के बाद इसे पंजीकृत किया जाता है।

(a) छः महीने

(b) दस वर्ष

(c) एक वर्ष

(d) दो वर्ष

37. नीस वर्गीकरण के 10वें संस्कारण के अनुसार "**जीवन रक्षा (**life jackets)" वस्तु के विनिर्देश किस वर्ग के अंतर्गत आएंगे

(a) 09

(b) 24

(c) 25

(d) 10

38. एक व्यक्ति अपने नाम पर एक आवेदन दाखिल करने के लिए आपके पास आता है, जहां वह खुद ट्रेड मार्क का उपयोग करने का इरादा नहीं रखता है, लेकिन बाद में उस कंपनी को ट्रेड मार्क सौंपने का इरादा रखता है जो कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत बनने और पंजीकृत होने वाली है। आप उसे ऐसे आवेदन की वैधता के संबंध में क्या सलाह देंगे:

(a) ऐसा आवेदन व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 की धारा 46 के अनुसार अच्छी तरह संभव है

(b) ऐसा आवेदन व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 की धारा 18 के कारण संभव नहीं है

(c) व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 के प्रावधानों के तहत इसकी अनुमति नहीं है क्योंकि कंपनी अभी निगमित (incorporated) नहीं हुई है

(d) मैं उन्हें सलाह दूंगा कि वे ऐसा कोई आवेदन दाखिल न करें क्योंकि बाद में इसे धोखाधड़ी के आधार पर रद्द किया जा सकता है

39. व्यापार चिह्न उपयोक्ता के रूप में किसका पंजीकरण किया जा सकता है?

(a) जो व्यापार चिह्न के स्वत्वधारी हो

(a) ट्रेड मार्क के स्वत्वधारी और दूसरे व्यक्ति जो पंजीकृत उपयोगकर्ता बनना चाहते हैं, उन्हें संयुक्त रूप से आवेदन करना होगा

(b) वे जो पंजीकृत उपयोक्ता होना चाहते हैं

(c) वे जो व्यापार चिह्न के स्वत्वधारी नहीं हैं

40. आईएओआई **(IAOI)** और ओओ (OO) का पूरा नाम है

(a) "**इन्टरनेशनल एप्लीकेशन्स ओरिजिनेटिंग फ्रोम इंडिया (**International Applications originating from India)" और "ऑफिस ऑफ ओरिजन (Office of Origin)"

(b) **"इन्टरनेशनल एप्लीकेशन्स फ्रोम इंडिया (** International Application from India)" और "ओरिजन ऑफिस (Origin office)"

(c) "**इंडियन एप्लिकेशन फॉर इन्टरनेशनल** (Indian Application for International)" और "ऑफिस ऑफ ओरिजन (office of origin)"

(d) "**इन्टरनेशनल एप्लिकेशन फ्रोम ऑफिस ऑफ इंडिया** (International application from Office of India)" और ""ऑफिस ऑफ ओरिजन (office of origin)".

41. मैड्रिड आवेदन दाखिल करते समय और यूएसए को नामित करते समय एमएम2 (MM2) के साथ चिह्न का उपयोग करने का इरादा घोषित करना अनिवार्य है। निर्धारित प्रपत्र है

(a) एमएम4 (MM4)
(c) **एमएम18** (MM18)
(b) **एमएम5** (MM5)
(d) **एमएम17**(MM17)

42. विएना वर्गीकरण के नवें संस्करण में शामिल हैं

(b) 28 श्रेणियाँ
(d) 25 श्रेणियाँ
(c) 29 श्रेणियाँ
(e) 27 श्रेणियाँ

43. भौगोलिक संकेत के साथ विरोधाभासी ट्रेड मार्क के पंजीकरण को अनुभाग के तहत अस्वीकार/अमान्य कर दिया जाता है

(a) धारा 116
(c) धारा 117
(b) धारा 106
(d) धारा 107

44. पंजीकृत व्यापार चिह्न के मामले में निम्न में से कौन सा कथन सही है?

(a) व्यापार चिह्न का पंजीकरण वैधता का *प्रथम दृष्ट्या* साक्ष्य है
(a) पंजीकृत व्यापार चिह्न को एक समय पर दस वर्ष की अवधि के लिए नवीनीकृत किया जा सकता है
(b) पंजीकृत व्यापार चिह्न को प्रयोग न होने के आधार पर निरस्त नहीं किया जा सकता है
(c) दोनों (a) & (b)

45. निम्न में से कौन एक अच्छा व्यापार चिह्न होगा?

(b) "**क्रिस्टल (**Krystal)" कार सफाई उत्पाद के लिए
(c) "**इसटे** (Istay)" अस्थायी निवास स्थान के लिए
(d) "**वूडी** (woody)" लकड़ी के फर्नीचर के लिए
(e) "**मेज़र इट** (Measure it)" मापने वाले यंत्र के लिए

46. पंजीकृत उपयोगकर्ता को रद्द करना और रद्द करने/बदलाव की कार्यवाही में हस्तक्षेप करने के इरादे की सूचना इस फॉर्म के तहत दाखिल की जाती है

(a) फॉर्म **टीएम-ओ** (TM-O)
(c) फॉर्म **टीएम-पी** (TM-P)
(b) फॉर्म **टीएम-एम** (TM- M)
(d) फॉर्म **टीएम-यू** (TM-U)

47. मूल कार्यालय के रूप में भारत की मैड्रिड प्रणाली के तहत आवेदक द्वारा दाखिल आवेदन की प्रक्रिया को व्यवस्थित करें। सही क्रम चुनें

i. ऐसे अंतरराष्ट्रीय आवेदन को सत्यापित और प्रमाणित करना और उन्हें वाइपो (WIPO) को प्रेषित करना

ii. वाइपो में अंतरराष्ट्रीय रजिस्ट्रेशन के प्रभाव को समाप्त करने के लिए संवाद

iii. अंतरराष्ट्रीय आवेदन प्राप्त करना – एमएम2 (MM2)

iv. वाइपो (WIPO) द्वारा सूचित अनियमितताओं के मामले में, उनका अनुपालन आवेदकों के परामर्श से अनियमितताओं पर प्रतिक्रिया व्यक्त करके किया जाता है।

विकल्प:

(a) ii, iv and iii
(b) iii, i, iv and ii
(c) ii, iii, iv and i
(d) iii, i, ii and iv

48. ऐसी संभावना है कि समान वस्तुओं या सेवाओं के लिए बाद में समान चिह्न को पंजीकरण के लिए स्वीकार किया जा सकता है जब:

(a) इमानदार समवर्ती उपयोगकर्ता या अन्य विशेष परिस्थितियाँ हों
(b) परवर्ती चिह्न का पूर्व उपयोक्ता हो
(c) दोनों (a) & (b)
(d) ऐसी कोई संभावना नहीं है

49. व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 की धारा 19 इससे संबद्ध है

(a) रासायनिक तत्वों के नाम
(b) वो चिह्न जो आज की भाषा में सामान्य हो गए हैं
(c) अंतरराष्ट्रीय गैर स्वत्वधारी नाम
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

50. ट्रिब्यूनल रिफॉर्म्स एक्ट, 2021 (2021 का 33) द्वारा यथा संशोधित व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 से "अपीलीय बोर्ड" शब्द को इस दिन हटा दिया गया

(a) 3.3.2021
(b) 4.4.2021
(c) 5.5.2021
(d) 6.6.2021

-: प्रश्नपत्र का अंत: -